# ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
# जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
# डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
# पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

**बुलेटिन संख्या–67**

**दिनांक: मंगलवार, 01 सितंबर, 2026**

## विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन केअनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.2 एवं 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 87 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 83 प्रतिशत, हवा की औसत गति 10.8 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.2 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 6.3 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 31.6 एवं दोपहर में 36.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि 22.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
## (02–06 सितंबर, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 02 से 06 सितंबर, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमानित अवधि में 02–03 सितम्बर के आसपास उत्तर बिहार के अधिकांश हिस्सों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रहने की संभावना है, तथा कहीं–कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। हलाँकि, पश्चिमी चंपारण में कई स्थानों पर 04–05 सितम्बर के दौरान मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है।
- इस दौरान अधिकतम तापमान 30–36°C तथा न्यूनतम तापमान 25–28°C के बीच रहने की संभावना है।
- हवा में काफी नमी बनी रहेगी। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता लगभग 85% तथा दोपहर में 60–65% के आसपास रहने की संभावना है।
- पूर्वानुमान अवधि के दौरान हवाएं मुख्यतः पूर्वी दिशा से 10–15 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं।

## समसामयिक सुझाव

- धान: धान में तना छेदक, पत्ती लपेटक एवं ब्राउन प्लांट हॉपर की नियमित निगरानी करें। प्रकोप होने पर दोपहर के बाद क्लोरान्ट्रानिलिप्रोल 4 जी दवा का 20–25 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। देर से बोई गई धान में खैरा रोग की निगरानी करें तथा लक्षण दिखाई देने पर जिंक सल्फेट 5 किग्रा एवं चूना 2.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। अधिक प्रकोप होने पर इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एससी दवा का 1 मिलीलीटर प्रति 3 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
- मक्का: मक्का में फॉल आर्मीवर्म के प्रकोप की नियमित निगरानी करें। नियंत्रण के लिए इमामेक्टिन बेंजोएट दवा का 0.5–0.6 ग्राम प्रति 15 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। आवश्यकता होने पर प्रथम छिड़काव के 7 दिन बाद कोराजेन दवा का 0.5–0.6 मिलीलीटर प्रति 15 लीटर पानी की दर से दूसरा छिड़काव करें।
- फूलगोभी: इस माह मध्यावधि किस्मों जैसे– *पूसा हिमज्योति, डी–96* एवं *पंत शुभ्रा* की बुआई करें। बीज दर 350–400 ग्राम प्रति हेक्टेयर रखें तथा बुआई से पहले 20–25 टन अच्छी तरह सड़ी गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर की दर से खेत में मिलाएं। फसल में नत्रजन 120 किग्रा, फास्फोरस 60–80 किग्रा, पोटाश 40–60 किग्रा, बोरेक्स 10–15 किग्रा एवं अमोनियम मोलिब्डेट 1–2 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें।
- भिंडी: वर्तमान मौसम में लीफ हॉपर (जैसिड) के प्रकोप की नियमित निगरानी करें। अधिक प्रकोप होने पर डाइमेथोएट 30 ईसी दवा का 1.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी या इमिडाक्लोप्रिड दवा का 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
- पपीता: इस माह का मौसम पपीते की बुआई के लिए अनुकूल है। बीज दर 300–350 ग्राम प्रति हेक्टेयर रखें तथा बुआई से पहले बाविस्टिन का 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज उपचार करें। 20 × 15 सेमी नर्सरी बैग में 7–10 सेमी की दूरी पर बीज बोएं और 20–25 सेमी ऊंचाई की पौध को मुख्य खेत में रोपित करें। उत्तर बिहार के लिए *पूसा ड्वार्फ, पूसा नन्हा, पूसा डिलिशियस, सी.ओ.–7, अर्का सूर्या* एवं *रेड लेडी* अनुशंसित हैं।
- मूली: किसानों को सब्जी फसल के रूप में मूली की बुआई करने की सलाह दी जाती है। उत्तर बिहार के लिए काशी हंस, *काशी लोहित, जौनपुरी जायंट, पालम हृदय, काशी श्वेता, पंजाब अगेती*, स्कारलेट लॉन्ग, पूसा *चेतकी, पूसा देशी, पूसा हिमानी, पूसा रश्मि, जापानी व्हाइट, जौनपुरी, व्हाइट आइसिकल, पंजाब सफेद, चाइनीज पिंक, हिसार मूली नं.* 1 एवं *अर्का निशांत* अनुशंसित हैं। बीज दर 7–8 किग्रा प्रति हेक्टेयर तथा दूरी 30 × 10 सेमी रखें और कम्पोस्ट 150–200 क्विंटल, नत्रजन 60 किग्रा, फास्फोरस 40 किग्रा एवं पोटाश 40 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें।
- पशुपालन: थनैला रोग की रोकथाम के लिए पशुओं के पैरों को पोटैशियम परमैंगनेट के घोल से धोएं तथा दुहने के बाद थनों को साफ करें और पशुओं को तुरंत फर्श पर न बैठने दें। दूध का pH लिटमस पेपर से जांचें pH 7.0 से अधिक होने पर मैमीडियम, मैस्टिकिल या मैमीयूप दवा का प्रयोग करें तथा खनिज मिश्रण 50 ग्राम प्रति पशु प्रतिदिन की दर से प्रयोग करें। पशुशाला में उचित स्वच्छता बनाए रखें।

| | |
|---|---|
| आज का अधिकतम तापमानः 31.2 डिग्री सेल्सियस, जो से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम | आज का न्यूनतम तापमानः 25.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम |

(डॉ0 ए. सत्तार)

**वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी**